<u>पीआरओ डीजीपी के प्रेस नोट दिनांक 11.10.2012 के अनुसार</u>

गृह मंत्रालय, भारत सरकार के स्तर से संचालित योजना ‘‘काम्प्रीहेन्सिव स्कीम फार इस्टैबिलिशमेंट आफ इन्टेगरेटेड एण्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट्स के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश में वर्ष 2010-11 में 12 जनपदों में यथा- आगरा, इलाहाबाद, लखनऊ, मेरठ, बरेली, बस्ती, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मुरादाबाद, वाराणसी, महराजगंज एवं झांसी में एण्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट स्थापित है। इन्हें राज्य सरकार द्वारा थाने के रूप में अधिसूचित किया जा चुका है।

2. वर्ष 2011-12 में एण्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट 12 जनपदों यथा मऊ, कानपुर नगर, गोरखपुर, बिजनौर, जौनपुर, आजमगढ़, फिरोजाबाद, पीलीभीत, सीतापुर, बलिया, बागपत व शाहजहांपुर में स्थापित किये गये हैं। इन्हें थाने के रूप में अधिसूचित किये जाने हेतु शासन से अनुरोध किया गया है।